कोटद्वार, रविवार
7 सितम्बर 2025
वर्षः 47
अंकः 124 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापकः स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### खेत में भरे पानी में गिरने से युवक की मौत

रुद्रपुर। नौसर इसाई फार्म में शुक्रवार की देर शाम एक युवक की खेत में भरे पानी में डूबने से मौत हो गई। युवक मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। हादसा उस समय हुआ, जब वह मवेशियों को चारा डालने गया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार की देर शाम ग्रामीणों ने नौसर इसाई फार्म में एक युवक को पानी में डूबा देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने नौसर ग्राम प्रधान महेंद्र पाल को दी। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट को दी। इस पर चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त ग्राम दाह ढाकी निवासी 42 वर्षीय इमानुअल पुत्र स्व. नानक मसीह के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि इमानुअल नोएडा में नौकरी करता था और अपने परिवार के साथ नोएडा में ही रहता था। वह 31 अगस्त को ग्राम नौसर इसाई फार्म निवासी अपने जीजा के घर आया था। परिजनों ने बताया कि उसे मिर्गी के दौरे पड़ते थे। वह शुक्रवार देर शाम जानवरों को चारा देने गया था, जो खेत में भरे पानी में गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटनास्थल एकांत खेतों के मध्य होने के चलते हादसे का पता नहीं चल सका। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### डिजिटल अरेस्ट कर रिटायर्ड कुलपति से 1.47 करोड़ की ठगी में दो गिरफ्तार

देहरादून। नैनीताल निवासी रिटायर्ड कुलपति को 12 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 1.47 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में दो आरोपियों को एसटीएफ ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। साइबर ठगों ने पीड़ित को महाराष्ट्र साइबर क्राइम विभाग का अफसर बनकर बात की और मनी लॉड्रिंग के केस में फंसे होने पर गिरफ्तारी का डर दिखाया था। एसटीएफ के एसएसपी नवनीत भुल्लर ने शनिवार को मामले का खुलासा किया। एसएसपी भुल्लर ने बताया कि पीड़ित रूहेलखंड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में कुलपति रह चुके हैं। शिकायतकर्ता ने अगस्त में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अगस्त में एक व्यक्ति ने उन्हें व्हाट्सएप कॉल की और खुद को साइबर क्राइम का अधिकारी बताया। कहा कि उनके नाम से खुले खाते में मनी लांड्रिंग के तहत 60 करोड़ रुपये का लेनदेन हुआ है। उनके खातों का वैरिफिकेशन करना होगा। सहयोग नहीं करने पर मुकदमा दर्ज करने और गिरफ्तारी की चेतावनी दी। इसके बाद 12 दिनों तक उन्हें व्हाट्सएप कॉल पर रहने के लिए कहा गया, किसी को भी इस बारे में जानकारी नहीं देने की धमकी दी। आरोप था कि इस दौरान पूर्व कुलपति के बैंक खातों से 1.47 करोड़ रुपये की धनराशि विभिन्न खातों में ट्रांसफर की गई। एसटीएफ ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस अधीक्षक कुश मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक अंकुश मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की। अपराध में प्रयुक्त बैंक खातों, रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों, व्हाट्सएप की जानकारी जुटाई गई।

### घर में घुसा मगरमच्छ, रेस्क्यू कर गंगा में छोड़ा

रुड़की। कंकरखाता गांव में एक किसान के घर में एक मगरमच्छ घुस गया। सूचना पर पहुंची लक्सर वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर मगरमच्छ को गंगा में छोड़ दिया। शुक्रवार देर रात सुल्तानपुर क्षेत्र के कंकरखाता गांव में साहब सिंह के घर में रात करीब साढ़े बारह बजे एक विशालकाय मगरमच्छ घुस गया। मगरमच्छ की हलचल से हुए शोर से परिवार वालों की आंख खुल गई। टॉर्च जलाकर इधर–उधर देखा तो एक विशाल मगरमच्छ को देखकर उनके होश उड़ गए। परिवारजनों के शोर मचाने पर वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। इसी दौरान किसी ने सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को रेस्क्यू कर गंगा में छोड़ दिया। रेस्क्यू टीम में गुरजंट सिंह, रोहित सैनी और सुमित सैनी मौजूद रहे। वनक्षेत्राधिकारी शैलेंद्र नेगी ने बताया कि मगरमच्छ होने की सूचना पर टीम ने कंकरखाता गांव में मगरमच्छ को रेस्क्यू किया।

# नीरव मोदी, माल्या जैसे भगोड़े वापस आएंगे!

## ब्रिटिश टीम ने तिहाड़ का दौरा कर देखे इंतजाम

नई दिल्ली। भारत में करोड़ों के घपले–घोटाले करके कई अपराधी ब्रिटेन में छिपे हुए हैं. नीरव मोदी, विजय माल्या जैसे कई भगोड़े अपराधी ब्रिटेन की अदालतों में केस लड़कर अपने भारत प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे हैं. लेकिन हाल ही में एक ऐसा घटनाक्रम हुआ है, जिससे इन जैसे अपराधियों को वापस भारत भेजे जाने की संभावना मजबूत हुई है.



**नीरव मोदी, माल्या ने बताया था खतरा**

विजय माल्या और नीरव मोदी जैसे भगोड़े अपराधी ब्रिटेन की अदालतों में दलील दे रहे हैं कि अगर उन्हें भारत वापस भेजा गया तो उनकी जान को खतरा हो सकता है. नीरव मोदी ने तो कहा था कि भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर या तो वह मारा जाएगा या खुदकुशी कर लेगा. इन अपराधियों की ऐसी ही दलीलों को देखते हुए ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस की एक टीम कुछ समय पहले दिल्ली के तिहाड़ जेल आई थी. सूत्रों के मुताबिक, ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस की इस टीम में चार लोग थे. दो एक्सपर्ट थे और दो ब्रिटिश हाई कमीशन के अधिकारी शामिल थे. यह दौरा जुलाई में हुआ था. टीम यह देखने आई थी कि अगर ब्रिटेन से भगोड़ों को भारत भेजा जाता है तो तिहाड़ में उन्हें कैसी सुविधा और सुरक्षा मिलेगी. इसमें नीरव मोदी ,विजय माल्या और कई भगोड़े अपराधियों के केस शामिल हैं.

**अंतरराष्ट्रीय मानकों के करीब मिले इंतजाम**

सूत्र बताते हैं कि ब्रिटिश टीम ने तिहाड़ की हाई सिक्योरिटी वार्ड देखे. वहां कैदियों से भी बात की. बताया जा रहा है कि टीम ने जेल की व्यवस्थाओं को अच्छा बताया और कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के करीब है. सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार ने टीम को भरोसा दिलाया कि अगर जरूरत पड़ी तो तिहाड़ जेल में हाई प्रोफाइल कैदियों के लिए अलग से सुरक्षित जगह बनाई जा सकती है.

### रोला–मोरी मोटर मार्ग 15 दिनों से बंद, 125 गांव के लोग परेशान

उत्तरकाशी। सींमात ब्लॉक मोरी को जोड़ने वाला पुरोला–मोरी राज्य मार्ग 15 दिन बाद भी आवगामन के लिए सुचारू नहीं हो पाया है। यहां भद्रासू के पास भारी भूस्खलन होने से मार्ग बंद है। इससे ग्रामीणों को इस स्थान पर पैदल ही आवाजाही करनी पड़ रही है। इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामाना करना पड़ रहा है। बता दें कि जिले में गत दिनों हुई भारी बारिश के कारण पुरोला – मोरी मोटर मार्ग पर भ्रदासू के पास भारी भूस्खलन हो गया था। इससे मोरी क्षेत्र के 125 गांव अलग–थलग पड़ गए। वहीं त्यूनी,हिमांचल से आवगमन करने वाले लोगों का संपर्क भी पुरोला से संपर्क पूरी तरह कट गया। मार्ग बंद हुए 15 दिन हो गए लेकिन विभाग की लेट लतीफी के कारण मार्ग अभी तक सुचारू नहीं हो पाया है। इस कारण ग्रामीणों को अपनी सेब नाशपाती आदि की नगदी फसलें मंडियों तक पहुंचाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ब्लॉक प्रमुख रणदेव सिंह राणा,जिपं सदस्य रवीना रावत, पवन दास ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द मोटर मार्ग सुचरू करने के निर्देश दिए हैं।


# पीएम मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों से की बात, रूस–यूक्रेन युद्ध सहित इन मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ टेलीफोन पर बातचीत की, जिसमें दोनों नेताओं ने यूक्रेन संघर्ष को जल्द समाप्त करने के प्रयासों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। इस दौरान भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की सकारात्मक समीक्षा भी की गई।

यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लेकर अमेरिकी पहल का कोई नतीजा निकलता नहीं दिख रहा है। यह बातचीत यूक्रेन विवाद को सुलझाने को लेकर पीएम मोदी की सक्रियता को भी दिखाता है।

हाल ही में उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और यूरोपीय संघ की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ भी बात की है जिसमें यूक्रेन युद्ध की समाप्ति पर विस्तार से विमर्श हुआ है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों उन यूरोपीय नेताओं में शामिल थे, जिन्होंने व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच वार्ता में हिस्सा लिया था।

**पीएम मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति**



**मैक्रों से की बात**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा है कि, "राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की और इसे सकारात्मक रूप से आंका। हमने यूक्रेन संघर्ष को जल्द समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान किया। भारत–फ्रांस रणनीतिक साझेदारी वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।"

यह स्पष्ट नहीं है कि बातचीत में अमेरिका की टैरिफ नीति के प्रभावों पर चर्चा हुई या नहीं।

**ईयू प्रेसिडेंट से भी हुई थी पीएम मोदी की बात**

पीएम मोदी ने हाल ही में यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ भी टेलीफोन पर बातचीत की थी। इसमें भारत–यूरोपीय संघ के रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया गया था। इसमें भारत–ईयू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही बातचीत जल्द पूरा करने की आवश्यकता पर बल दिया गया था।

# नकली दवाओं का कारोबार करने वालों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करें : धामी

## सरकारी खरीद में स्वदेशी उत्पादों और उपकरणों को प्राथमिकता दी जाए

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान निर्देश दिये कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में नकली दवाइयों के निर्माण और बिक्री को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए जिलाधिकारियों, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली आपदा से प्रभावित परिवारों की समस्याओं के समाधान तथा उनके पुनर्वास, राहत और आजीविका की व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि सचिव राजस्व की अध्यक्षता में गठित समिति अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। समिति की रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश के अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर पुनर्वास और राहत कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में व्यापक स्तर पर स्वदेशी अभियान चलाने को कहा। कहा कि यह अभियान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी खरीद में स्वदेशी उत्पादों और उपकरणों को प्राथमिकता दी जाए। सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों में स्थानीय उत्पादों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित किया जाए। जीएसटी स्लैब में हाल ही में हुए परिवर्तनों से स्वदेशी उत्पादों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अग्निवीरों के लिए समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। इसके लिए पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने किये जाएं। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं और जन आंकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार दृढ़ संकल्प होकर कार्य कर रही है। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

### सड़क पर हुड़दंग, सात गिरफ्तार , महिला पर झूठी सूचना देने की कार्रवाई

देहरादून। क्लेमेंटाउन थाना क्षेत्र के ओगलभट्टा में शुक्रवार देर रात दो पक्षों के बीच विवाद ने तूल पकड़ लिया। दोनों ओर से लोग आपस में भिड़ गए और सड़क पर हुड़दंग मचाने लगे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गोली चलने की झूठी सूचना देने वाली महिला पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, पिंकी नाम की महिला ने कंट्रोल रूम को फोन कर दो पक्षों के बीच गोली चलने और अपने बेटे के घायल होने की सूचना दी थी। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। जांच में पता चला कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था और शुक्रवार को सुलह की बातचीत के दौरान मारपीट शुरू हो गई। दोनों ओर से लोग आपस में भिड़ गए और माहौल बिगड़ने लगा। पुलिस की समझाने के बावजूद लोग शांत नहीं हुए, जिस पर सात व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत गिरफ्तार किया गया।

# राजकोट में एसयूवी पलटने से इंजीनियरिंग के तीन छात्रों की मौत, 8 लोग घायल

नई दिल्ली। गुजरात के राजकोट में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें हाइवे पर एक एसयूवी पलटने से इंजीनियरिंग कॉलेज के तीन छात्रों की मौत हो गई और 8 घायल हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा जसदण तालुका के जंगवाड़ गांव के पास देर रात करीब 1.30 बजे हुआ, जब छात्रों का एक ग्रुप छुट्टियां मनाने दीव जा रहा था।



**एसयूवी पलटने से 3 छात्रों की मौत**

अटकोट पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर आरएस सकारिया ने बताया कि मृतकों की पहचान नरेश कोडावती, मोती हर्ष और अफरीद सैयद के रूप में हुई है, जो सभी आंध्र प्रदेश के रहने वाले थे। उन्होंने कहा, "राजकोट स्थित आरके विश्वविद्यालय के 12 छात्रों का एक समूह छुट्टियां मनाने के लिए किराए की एक एसयूवी में तटीय शहर दीव जा रहा था।"

**मोड़ पर गाड़ी कंट्रोल नहीं कर पाया छात्र**

अधिकारी ने बताया कि गाड़ी चला रहे एक छात्र ने एक मोड़ पर गाड़ी से कंट्रोल खो दिया, जिससे गाड़ी हाईवे पर पलट गया और उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई। आठ घायल छात्रों में से दो की हड्डी टूट गई और उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए राजकोट सिविल अस्पताल भेज दिया गया है।

## तेलंगाना में ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़

# 12 हजार करोड़ की मेफेड्रोन जब्त, विदेशी नागरिक समेत 12 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली। मीरा–भयंदर, वसई–विरार पुलिस के एंटी–नारकोटिक्स सेल और अपराध शाखा ने तेलंगाना में एक केमिकल मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री के नाम पर चल रहे बड़े कार्टेल का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री हैदराबाद के पास चेरलापल्ली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित थी।

वाघदेवी लैब्स नाम से संचालित यह फैक्ट्री बाहर से देखने पर वैध लगती थी, लेकिन कथित तौर पर यहां बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों का उत्पादन किया जा रहा था। छापे के बाद 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें एक विदेशी नागरिक भी शामिल है। वहीं 12 हजार करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स भी जब्त की गई है।



बीते कुछ वर्ष की सबसे बड़ी रेड

एमडी का पूरा नाम मेफेड्रोन है। इसे म्याऊम्याऊ मेफ, एम–कैट या मियाऊके नाम से भी जाना जाता है। यह एम्फैटेमिन दवाओं के ग्रुप में शामिल है, जिसमें स्पीड और बहुत ज्यादा खुशी का अनुभव होता है। नशीले पदार्थों की जब्ती के संबंध में यह बीते कुछ वर्षों की सबसे बड़ी रेड मानी जा रही है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 'फैक्ट्री की जड़ तक पहुंचने के लिए हमने पहले गिरोह में अपने लोगों की घुसपैठ कराई। कई हफ्तों की जोखिम भरी कोशिश के बाद हम गिरोह का भंडाफोड़ करने में कामयाब रहे।'

छापे में पुलिस ने अत्याधुनिक रासायनिक उपकरण, ड्रग प्रोडक्शन यूनिट और लगभग 32,000 लीटर प्रीकर्सर केमिकल सहित कच्चे माल का एक बड़ा जखीरा ज़ब्त किया। इस ड्रग्स को महाराष्ट्र और दूसरे राज्यों में सप्लाई किया जाता था। अब फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

### केरलः पत्नी के लिव–इन–पार्टनर ने की शख्स की हत्या

नई दिल्ली। दक्षिण केरल के नादुवथूर में एक शख्स की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। हत्या का आरोप मृतक की पत्नी के लिव–इन–पार्टनर पर लगा है। आरोप है कि उसने कथित तौर पर चाकू मारकर शख्स की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान नादुवथूर के जंक्शन के श्यामसुंदर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी धनेश को गिरफ्तार कर लिया है।

**पत्नी के लिव–इन–पार्टनर ने की हत्या**

पुलिस ने बताया कि मृतक श्यामसुंदर की पत्नी और बच्चा बीते चार सालों से धनेश के साथ रह रहे थे, इसी बात को लेकर धनेश और श्यामसुंदर के बीच अक्सर झगड़ा होता था।

आरोप लगाया कि धनेश अपनी पत्नी और बच्चे की मदद से उनकी संपत्ति हड़पने की कोशिश कर रहा है, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। पड़ोसियों ने बीच–बचाव कर धनेश को वापस भेज दिया।

धारदार हथियार से शख्स पर किया हमला, मौत

ाकफ के मुताबिक, रात करीब 11.50 बजे धनेश कथित तौर पर वापस लौटा और धारदार हथियार से श्यामसुंदर पर हमला कर दिया। हमले में घायल श्यामसुंदर को पड़ोसियों ने तुरंत ही नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां तड़के उसकी मौत हो गई।

## बीसलपुर बांध के 8 गेट खोले

# त्रिवेणी, खाई व डाई नदियां उफान पर, सीजन की सबसे अधिक निकासी

टोंक। बीसलपुर बांध के केचमेंट एरिया व निकटवर्ती जलभराव क्षेत्र में बीते 24 घंटे से लगातार तेज बारिश जारी है। जिसके चलते बांध में पानी की आवक ने रफ्तार पकड़ ली है। बांध के जलभराव में सहायक भीलवाड़ा जिले के बनास नदी स्थित त्रिवेणी, खाई व डाई नदियां भी पूरे उफान पर बहने से बांध से पानी की निकासी भी शनिवार को तेज कर दी गई है। बांध के कंट्रोल रूम अनुसार, बीसलपुर बांध से बनास नदी में शुक्रवार रात 8 बजे तक बांध के गेट 8, 9, 10, 11, 12 व 13 को दो–दो मीटर तक खोलकर बनास नदी में पानी की निकासी 72 हजार 120 क्यूसेक प्रति सैकंड की जा रही थी। जिसे शनिवार सुबह 7 बजे बढ़ा दी गई। अब आठ गेट



संख्या 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13 व 14 को खोलकर पानी की निकासी 96 हजार 160 क्यूसेक कर दी गई। वहीं, शनिवार सुबह 10 बजे तक फिर से उन्हीं गेटों को बढ़ाकर पानी की निकासी एक लाख 20 हजार 200 क्यूसेक की गई। दोपहर 12 बजे पानी की आवक बढ़ने पर फिर से बांध से पानी की निकासी बढ़ाकर उन्हीं गेटों से एक लाख 32 हजार 220 क्यूसेक प्रति सैकंड कर दी गई है। इसमें बांध के रेडियल गेट संख्या 7 व 14 दो–दो मीटर व गेट संख्या 8, 9, 10, 11, 12 व 13 तीन–तीन मीटर तक खुले हुए हैं।

# उत्तरकाशी में फिर फटा बादल, नौगांव बाजार में पहाड़ से आया सैलाब, बरसाती नाला उफान पर

उत्तरकाशी, उत्तरकाशी में आज फिर प्राकृतिक आपदा आई है। जिले के नौगांव क्षेत्र के देवलसारी इलाके में बादल फटा है। इसके कारण नौगांव बाजार में मलबा भरने की सूचना मिल रही है।

साथ ही बरसाती नाला उफान पर आने से कई घरों पर खतरा मंडरा रहा है। पुलिस प्रशासन और एसडीआरएफ के जवान बचाव कार्यों हेतु मौके पर पहुंच चुके हैं। सीएम धामी ने भी इस बाबत एक्स पर पोस्ट भी किया है।

उत्तरकाशी में फिर आए इस संकट पर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जनपद उत्तरकाशी के नौगांव क्षेत्र में अतिवृष्टि से नुकसान की सूचना मिलते



ही जिलाधिकारी से तत्काल वार्ता कर राहत एवं बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ व एनडीआरएफ के दल प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर तुरंत पहुंचाने तथा हर संभव मदद में किसी भी प्रकार की देरी न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।

नौगांव में भारी बारिश के कारण नगर पंचायत की सौली खड्ड,नौगांव खड्ड और देवलसारी खड्ड में पानी भर गया है, जिसकी वजह से एक चार पहिया वाहन और कई दोपहिया वाहन बहने की खबर है। घरों में मलबा घुस गया और मुल्लाना के पास की एक सड़क भी बहने की खबर है। नौगांव–बड़कोट राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने के कारण, कई वाहन रास्ते में फंस गए हैं।

### नशा मुक्ति केंद्र में युवक ने लगाई फांसी

रुड़की। नगर निगम और प्रशासनिक टीम ने शनिवार को संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम में शामिल अधिकारियों ने अतिक्रमण करने वालों को स्वयं अतिक्रमण हटाने और दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। अभियान को लेकर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा।

नगर निगम के नगर आयुक्त राकेश चंद तिवारी ने बताया कि त्योहारी सीजन से पहले शहर को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। मुनादी कराकर लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी जाएगी। इसके बाद बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया जाएगा।

# राज्य में भूकंप से बढ़ा भूस्खलन का खतरा

रुड़की,उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आईआईटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं। अध्ययन में पहली बार उत्तराखंड के अलग–अलग जिलों में भूकंप से होने वाले भूस्खलनों के जोखिम की जिला–स्तरीय जोनिंग की गई है। इसमें अलग–अलग भूकंपीय तीव्रता परिदृश्यों और भूकंप की वापसी अवधि के आधार पर जोखिम का विश्लेषण किया गया। रुद्रप्रयाग जिला सभी परिदृश्यों में सबसे ज्यादा संवेदनशील पाया गया है। इसके बाद पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में भारी भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

# इन 5 लोगों को नहीं करना चाहिए अनानास का सेवन, हो सकती हैं कई समस्याएं

अनानास एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वाद में खट्टा–मीठा होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है क्योंकि ये इसमें कई खनिज और विटामिन्स मौजूद होते हैं। हालांकि, कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिनके लिए अनानास का सेवन करना परेशानी का कारण बन सकता है। आइए आज हम आपको उन लोगों के बारे में बताते हैं, जिन्हें अनानास का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि ये उनके लिए मुसीबत बन सकता है।

**एलर्जी से पीड़ित लोग**

अगर आपको किसी भी प्रकार की एलर्जी है तो अनानास का सेवन करने से बचें। अनानास में एक खास तत्व होता है, जो एलर्जी के लक्षणों को बढ़ा सकता है। इस कारण एलर्जी वाले लोगों को अनानास से दूर रहना चाहिए। इसके अलावा अगर आपको त्वचा संबंधी कोई समस्या है तो भी अनानास खाने से बचें क्योंकि यह समस्या को और बढ़ा सकता है।

**मधुमेह के मरीज**

मधुमेह के मरीजों के लिए भी अनानास का सेवन नुकसानदायक हो सकता है। अनानास में शक्कर होती है, जो खून में शक्कर के स्तर को बढ़ा सकती है। इस कारण मधुमेह के मरीजों को अनानास खाने से बचना चाहिए। हालांकि, अगर आप मधुमेह के मरीज हैं और अनानास खाना चाहते हैं तो डाक्टर से सलाह जरूर लें और अपने चिकित्सक इलाज को ही प्राथमिकता दें।

**उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग**

उच्च रक्तचाप यानी ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों के लिए भी अनानास का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। अनानास में नमक की मात्रा ज्यादा होती है, जो रक्तचाप को बढ़ा सकता है। इस कारण ब्लड प्रेशर के मरीजों को अनानास खाने से बचना चाहिए। हालांकि, अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो डाक्टर से सलाह जरूर लें।

**दांतों की समस्याओं वाले लोग**

दांतों की समस्याओं से पीड़ित लोग भी अनानास का सेवन न करें तो अच्छा है। अनानास में खट्टापन होता है, जो दांतों की समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसलिए बेहतर होगा कि दांतों की समस्याओं से पीड़ित लोग अनानास का सेवन न करें। हालांकि, अगर आप इसे अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो डाक्टर से सलाह जरूर लें। इसके अलावा दांतों की देखभाल करते रहें।

**पेट की समस्याएं**

पेट में गैस या फिर कब्ज की समस्या होने पर भी अनानास का सेवन नहीं करना चाहिए। इससे गैस की समस्या बढ़ सकती है और कब्ज की समस्या हो सकती है। इतना ही नहीं, अनानास के सेवन से पेट में दर्द और जलन भी हो सकती है। इसलिए गैस और कब्ज की समस्या होने पर डाक्टर की सलाह लेकर ही अनानास को अपनी डाइट में शामिल करें।

# ठंड और खांसी लगने पर न खाएं ये फल, हो सकती है समस्या गंभीर

ठंड और खांसी लगने पर लोग फलों का सेवन करना फायदेमंद समझते हैं। हालांकि, कुछ फल ऐसे होते हैं, जिनका सेवन सर्दी और खांसी की समस्या को बढ़ा सकता है। इसका मुख्य कारण है कि इनमें ठंडक बढ़ाने वाले गुण होते हैं, जो समस्या को बढ़ाते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन ठंड और खांसी होने पर नहीं करना चाहिए।

अनानास

अनानास एक ऐसा फल है, जो ठंडक को बढ़ा सकता है और इससे सर्दी और खांसी की समस्या बढ़ सकती है। वैसे अनानास में एक प्रकार का एंजाइम होता है, जो सूजन को कम करने में मदद कर सकता है, लेकिन सर्दी और खांसी होने पर इस फल का सेवन करने से परहेज करें। इसके अतिरिक्त अनानास का रस भी न पीएं क्योंकि यह भी ठंडक दे सकता है।

केला

केला एक ऐसा फल है, जो कई लोगों की पसंदीदा है, लेकिन ठंड और खांसी होने पर इसका सेवन न करें। इसका कारण है कि केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो गले में बलगम को बढ़ाने का काम करता है। हालांकि, अगर आप सर्दी और खांसी की समस्या से जूझ रहे हैं तो केला न ही खाएं और इसके जूस या शेक का सेवन भी न करें।

अंगूर

अंगूर विटामिन–सी के साथ–साथ एंटी–आक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। हालांकि, ठंड और खांसी होने पर अंगूर का सेवन करने से बचें। इसका कारण है कि अंगूर में कुछ तत्व होते हैं, जो खून को पतला करके नासूर बनने से रोकने में मदद कर सकते हैं। ठंड और खांसी होने पर अंगूर की जगह अनार का सेवन करें।

नाशपाती

नाशपाती भी एक ऐसा फल है, जिसे ठंड और खांसी की समस्या होने पर नहीं खाना चाहिए। इसका कारण है कि इसमें भी ठंडक बढ़ाने वाले गुण होते हैं, जो समस्या को बढ़ा सकते हैं।

# देश के ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी आर्थिकी

**डॉ. शालिग्राम सिंह**

**2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत की 68.85 फीसद आबादी ग्रामीण अंचल में रहती है। अलबत्ता, शहरीकरण के बढ़े जोर के बावजूद नीति आयोग का अनुमान है कि 2045 में भी यह आंकड़ा 50 फीसद से ऊपर ही रहेगा। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2023–24 में बताया गया है कि ग्रामीण रोजगार मुख्य रूप से 53.5 फीसद स्वरोजगार और 25.6 फीसद आकस्मिक श्रम पर टिका है। ग्रामीण श्रमिकों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा (58.4त्न) कृषि में लगा हुआ है, जो आम तौर पर मौसमी रोजगार ही प्रदान करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में वेतनभोगी नौकरियां कुल कार्यबल का महज 12 फीसद है।**

दुनिया भर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कारण व्यापार शुल्क को लेकर जो भीषण रार मची है, उसने विश्व अर्थव्यवस्था की दिशा और मंजिल, दोनों को लेकर कई तरह के विमर्श और संकटों को सामने ला दिया है।

ये सारी बातें भविष्य की दुश्वारियों से तो जुड़ी हैं ही, इनसे अतीत के अनुभवों को लेकर भी कई बातें साफ हुई हैं। बात अकेले भारत की करें तो हमारे यहां खास तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को लेकर उदारीकरण के दौर में जिस तरह की नीतिगत समझ बननी चाहिए थी, वैसी बनी नहीं। इस कारण लंबे समय तक देश की अर्थव्यस्था की रीढ़ रहा यह क्षेत्र गंभीर उपेक्षाओं का शिकार हुआ। आज जब नौकरी–रोजगार की समस्या पर प्राथमिकता के साथ विचार करने की दरकार फिर से मजबूत हुई है, तो देश के ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी आर्थिकी को सुधारने की बात नये सिरे से रेखांकित हो रही है।

गौरतलब है कि 2011 की जनगणना के मुताबिक, भारत की 68.85 फीसद आबादी ग्रामीण अंचल में रहती है। अलबत्ता, शहरीकरण के बढ़े जोर के बावजूद नीति आयोग का अनुमान है कि 2045 में भी यह आंकड़ा 50 फीसद से ऊपर ही रहेगा। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण रिपोर्ट, 2023–24 में बताया गया है कि ग्रामीण रोजगार मुख्य रूप से 53.5 फीसद स्वरोजगार और 25.6 फीसद आकस्मिक श्रम पर टिका है। ग्रामीण श्रमिकों का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा (58.4त्न) कृषि में लगा हुआ है, जो आम तौर पर मौसमी रोजगार ही प्रदान करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में वेतनभोगी नौकरियां कुल कार्यबल का महज 12 फीसद है।ऐसे में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का सबसे बड़ा आधार वहां के लोगों के आय विकल्पों में सुधार है। अच्छी बात यह है कि इस दिशा में देश काफी आगे बढ़ा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार का 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकलने का तथ्य तो संयुक्त राष्ट्र तक में गूंज चुका है। इस आंकड़े का सबसे चमकदार पक्ष बिहार और यूपी जैसे वे राज्य हैं, जहां की आबादी का बड़ा हिस्सा गांव–कस्बों में रहता है। ये वही राज्य हैं जो बीमारू के नाम पर लंबे दौर तक गांवों के पिछड़ेपन के कारण कोसे जाते रहे हैं। बीते दशक में गरीबी उन्मूलन इन्हीं सूबों में सर्वाधिक हुआ है।

देश के ग्रामीण अंचल में आर्थिक सुधार और जागरूकता की एक बड़ी शुरुआत 2014 में प्रधानमंत्री जन–धन योजना से हुई। इसके तहत अब तक देश में कुल 55.44 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें से 56 फीसद खाते महिलाओं के हैं। 21 मई, 2025 तक इन खातों में कुल जमा राशि 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। वित्तीय समावेशन की इस बड़ी पहल का नतीजा है कि खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में बचत और बीमा को लेकर तो जागरूकता आई ही है, वे वित्तीय लाभ के दूसरे विकल्पों को भी गंभीरता से आजमाने लगे हैं।

इन विकल्पों में सबसे दिलचस्प है शेयर बाजार की ओर उन्मुखता। कोरोना महामारी से पहले डीमैट और म्यूचुअल फंड खातों की संख्या पांच करोड़ थी, जो अब लगभग 13 करोड़ पर पहुंच चुकी है। बेशक, इसमें बड़ी भागीदारी शहरी खाताधारकों की है, लेकिन माना जा रहा है कि बाजार का आकार इस ओर बढ़ रहे ग्रामीणों के रुझान को इंगित करता है।

आत्मनिर्भर भारत के लिए सक्षम और समृद्ध गांव जरूरी है। इस दिशा में अपने प्रयास को बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने फैसला किया है कि अब डाकघरों के जरिए भी म्यूचुअल फंड खरीदे जा सकेंगे। इसके लिए डाक विभाग और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के बीच एक समझौता हुआ है। इसका उद्देश्य देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। यह समझौता तीन वर्ष के लिए किया गया है, जो 21 अगस्त, 2028 तक लागू रहेगा। आगे स्थिति की समीक्षा के साथ इसका नवीकरण होता रहेगा। इससे खास तौर पर देश के ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोग म्यूचुअल फंड के इकोसिस्टम से जुड़ सकेंगे।

समझौते के तहत डाक विभाग के कर्मचारी म्यूचुअल फंड वितरकों के रूप में कार्य करेंगे। सरकार का यह कदम अपनी रूपरेखा और संकल्पना में कितना सुविचारित और विस्तृत है, यह इस बात से समझा जा सकता है कि पंचायतीराज मंत्रालय ने ग्रामीणों को सुरक्षित और लाभकारी निवेश के प्रति जागरूक करने के लिए सेबी के साथ अभियान की चरणवार रूपरेखा बनाई है। अभियान के तहत सबसे पहले छह राज्यों में 3,874 मास्टर ट्रेनर का एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। पायलट राज्यों और मास्टर ट्रेनर नेटवर्क से शुरू होकर यह कार्यक्रम धीरे–धीरे सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक पहुंचाने की योजना है।

दिलचस्प है कि इस दौरान देश में स्टॉक और फंड मार्केट में हिस्सेदारी को लेकर नया रुझान सामने आया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की पांच वषी में डीमैट खाताधारकों की संख्या के अध्ययन के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा 186 लाख इक्विटी निवेशक महाराष्ट्र में हैं, जबकि दूसरे स्थान पर है उत्तर प्रदेश, जहां 130 करोड़ ऐसे निवेशक हैं, जो इक्विटी में पैसा लगाते हैं। वित्तीय वर्ष 2020 की तुलना में 2025 में महाराष्ट्र ने 212.4 फीसद वृद्धि दर्ज कराई है, वहीं उत्तर प्रदेश ने 470.5 फीसद की छलांग लगाई है।

वैसे जिस सूबे ने अपने प्रदर्शन से सबको चौंकाया है, वह है बिहार। वहां वित्तीय वर्ष 2020 में महज सात लाख बाजार निवेशक थे पर अब यह आंकड़ा 52 लाख को पार कर गया है यानी 678.8 फीसद की उच्चतम वृद्धि। बिहार में इस बदलाव के नायक निस्संदेह नीतीश कुमार हैं। दिलचस्प है कि इस परिवर्तन का एक बड़ा पक्ष महिलाओं से जुड़ा है। आज की तारीख में बिहार में 6,389 जीविका बैंक सखियां ग्रामीणों को बैंक से जुड़े कार्य उनके द्वार पर ही उपलब्ध करा रही हैं। अब जब डाकघर के जरिए तमाम बचत और बीमा सुविधाओं के साथ म्यूचुअल फंड की बिक्री शुरू होगी तो निश्चित रूप से वित्तीय समावेशन का नया दौर शुरू होगा। यह दौर देश के आर्थिक स्वावलंबन को तो मजबूती देगा ही इससे ओडिशा, झारखंड और बिहार जैसे पिछड़े सूबों के ग्रामीण अंचल में भी समृद्धि और खुशहाली बढ़ेगी।

# अतिरिक्त टैरिफ भारतीय निर्यात प्रभावित

भारत पर अतिरिक्त 25 फीसद अमेरिकी शुल्क बुधवार को लागू हो गया। अमेरिकी गृह मंत्रालय ने इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है, और इसी के साथ भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ कर 50 फीसद हो गया। माना जा रहा है कि 48 अरब डॉलर से ज्यादा का अमेरिका को किया जाने वाला भारतीय निर्यात इससे प्रभावित होगा।भारत के वस्त्र, परिधान, रत्न–आभूषण, झींगा, चमड़ा और जूते–चप्पल, पशु उत्पाद, रसायन, विद्युत एवं यांत्रिक मशीनरी उद्योग पर सर्वाधिक असर पड़ेगा। भारत के अलावा ब्राजील एकमात्र अमेरिकी व्यापारिक साझेदार है, जिसे 50 फीसद आयात शुल्क का सामना करना पड़ रहा है।इस घटनाक्रम के बाद भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली और कमजोर वैश्विक रुझान से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ी है। सर्राफा बाजार में भी तेजी का रुझान बन गया है।दरअसल, भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। अमेरिका भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र में प्रवेश चाहता है, लेकिन भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया है। इसके बाद ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल खरीदने को बहाना बना कर यह अतिरिक्त शुल्क थोपा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अतिरिक्त शुल्क थोप कर भारत पर कूटनीतिक और व्यापारिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि कृषि और डेयरी क्षेत्र में भारत कोई समझौता नहीं करेगा क्योंकि हमारे लिए किसानों के हित सवरेपरि हैं।भारत, अमेरिका को 79 अरब डॉलर का कुल निर्यात करता है, इसमें से 45 अरब डॉलर के भारतीय उत्पाद अमेरिकी शुल्क के दायर में आ जाएंगे यानी अमेरिका को लगभग 45 फीसद भारतीय निर्यात अमेरिकी टैरिफ के दायर से बाहर होगा, लेकिन 55 फीसद भारतीय निर्यात प्रभावित होना तय है। दवा क्षेत्र को अमेरिका ने अभी नहीं छुआ है, लेकिन धमकी जरूर दे दी है कि भारतीय दवाओं पर भी 150 फीसद शुल्क लगाया जा सकता है। बेशक, अमेरिका से निर्यात मोर्चे पर बड़ी चुनौती दरपेश है, लेकिन भारत के सामने तमाम विकल्प हैं। भारत को अमेरिका से बाहर नये बाजार तलाशने होंगे। जरूरी है कि रूस के साथ वह नई रणनीति के साथ बढ़े। भारत पलटवार की भी सोच सकता है। चुनिंदा वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ लगाने की स्थिति में है। अपने प्रभावित क्षेत्रों को घरेलू स्तर पर सब्सिडी देकर प्रोत्साहन देकर मजबूत स्थिति में बनाए रख सकता है। बहरहाल, चुनौती बड़ी है, जिसे अवसर में तब्दील करने की क्षमता भारत में है।

# विचित्र कुमार सिन्हा कलम के सिपाही, आज़ादी के दीवाने

**आरिफ़ मिर्ज़ा**

'भोपाल की पहचान सिर्फ झीलों और महलों से नहीं है। इस शहर ने ऐसे कई लोग पैदा किए जिन्होंने अपने वतन, अपनी भाषा और अपनी जनता के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। इन्हीं नामों में एक बड़ा नाम है विचित्र कुमार सिन्हा, जिन्हें लोग मोहब्बत से चंदा बाबू कहते थे।आज उनकी तीसवीं पुण्यतिथि है। वक्त गुजरता गया, लेकिन उनकी याद, उनकी ईमानदारी और उनकी पत्रकारिता की रोशनी आज भी कायम है। पुराने भोपाली आज भी उन्हें इज्ज़त और मोहब्बत से याद करते हैं।

गुना से भोपाल तक

14 फरवरी 1924 को गुना जिले में जन्मे विचित्र कुमार सिन्हा उर्फ चंदा बाबू की जिंदगी का सफर बहुत ही खास था। उनकी जवानी उस दौर में आई जब पूरा मुल्क अंग्रेज़ों की गुलामी से जूझ रहा था। स्वाभाविक था कि उनके दिल में भी आज़ादी की आग जल उठी। 1939 में उन्होंने झाबुआ सत्याग्रह में हिस्सा लिया और जेल भेज दिए गए। इसके बाद उन्होंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भी बढ़–चढकर भाग लिया। होशंगाबाद, मुंगावली, भैरोगढ़ और राजनांदगांव की जेलों में महीनों तक यातनाएं झेलीं। इतना ही नहीं, वे ग्वालियर और अन्य जेलों में भी बंद रहे। कई–कई महीनों की सजाएं काटीं। जब वे सिर्फ 23 साल के थे, तब तक वे करीब 9 महीने जेल की सलाखों के पीछे रह चुके थे।

पत्रकारिता का रास्ता

आजादी की लड़ाई में सिर्फ हथियार नहीं, कलम भी एक बड़ा हथियार थी। और चंदा बाबू ने इसी कलम को चुना।

सन 1940 में जब वे भोपाल आए, तो अंग्रेज़ों के खिलाफ आवाज़ उठाने की ज़रूरत महसूस हुई। उन्होंने हाथ से लिखा जाने वाला अख़बार मित्रदेश शुरू किया। वे खुद खबरें लिखते, कार्बन कॉपी बनाते और सौ से ज़्यादा लोगों तक पहुंचाते। फिर गूजरपुरा में पैडल वाली प्रिंटिंग मशीन लगाई। खुद ही मैटर कम्पोज करते और खुद ही छापते। ये उनकी मेहनत और जुनून का नतीजा था कि लोगों तक सही खबर पहुँच सके। इसके बाद वे प्रजा पुकार अखबार के संपादक बने। अंग्रेज सरकार ने इस अखबार को बंद करवा दिया क्योंकि इसमें जनता की असली आवाज़ छपती थी। आजादी के बाद भी उनका यह सफर रुका नहीं। उन्होंने पंचशील, हिंदी ब्लिट्ज और विचित्र–विनोद जैसे अखबार निकाले और भोपाल की पत्रकारिता को नई ऊंचाई दी।

विलीनीकरण आंदोलन

जब मुल्क आजाद हो गया, तब भी भोपाल नवाब अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के खिलाफ था। इस मुश्किल घड़ी में विचित्र कुमार सिन्हा ने मास्टर लाल सिंह और कई साथियों के साथ मिलकर विलीनीकरण आंदोलन की अगुवाई की। नवाब ने आंदोलनकारियों को तोडऩे के लिए हर हथकंडा अपनाया। लालच दिया, धमकियां दीं। सिन्हा जी को तो 22 गांवों की जागीर और नायब तहसीलदार बनाने का प्रस्ताव तक दिया गया। साथ ही यह धमकी भी कि अगर मानेंगे नहीं तो भोपाल से निकाल दिए जाएंगे। लेकिन चंदा बाबू ने साफ कह दिया वतन की मिट्टी बिकाऊ नहीं है। उन्होंने हर लालच ठुकरा दिया। इसके बाद उन्हें भोपाल छोडऩा पड़ा। वे उज्जैन चले गए। वहां उस समय पंडित बेचन शर्मा 'उग्रइ जय महाकाल अखबार निकालते थे। चंदा बाबू ने वहीं काम करना शुरू किया और अपने लेखों व कविताओं से और भी मशहूर हो गए। दो वर्ष के निर्वासन पश्चात् वे भोपाल लौट आये और आंदोलन की गतिविधियां जारी रखी। आखिरकार 1 जून 1949 को भोपाल रियासत भारत में विलीन हो गई।

कवि और लेखक

विचित्र कुमार सिन्हा सिर्फ पत्रकार ही नहीं थे, वे एक उम्दा कवि और लेखक भी थे। उनकी कविताओं में वीर रस की गूंज थी। उनके शब्द युवाओं में जोश भरते थे।

वे व्यंग्य और कार्टून के जरिए भी समाज की कड़वी हकीकत सामने रखते। उनकी कविताओं और लेखों में सिर्फ प्रकृति और प्रेम नहीं, बल्कि देशभक्ति और सामाजिक सुधार की बातें भी होती थीं। वे मानते थे कि लेखन सिर्फ भावनाओं को बयान करने का जरिया नहीं, बल्कि जनता को जगाने का हथियार भी है। 1955 में जब लालबहादुर शास्त्री ने उन्हें भोपाल आकाशवाणी का डायरेक्टर बनने का प्रस्ताव दिया, तो उन्होंने बड़ी विनम्रता से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनका मकसद पत्रकारिता के जरिए जनता की सेवा करना है। ये उनकी साफगोई और उसूलों की मिसाल थी। उन्होंने कभी पद, पैसा या शोहरत को महत्व नहीं दिया।

समाज सेवा और संगठन

सिन्हा जी गांधी और नेहरू दोनों से प्रभावित थे। वे उनके विचारों को अपने जीवन में उतारते थे। उन्होंने भोपाल में हरिजन हिंदी स्कूल की स्थापना में भी अहम भूमिका निभाई।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का पहला गाना बिजुरिया रिलीज



वरुण धवन और जान्हवी कपूरी की आगामी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारीझ् का पहला गाना आज रिलीज हो गया है। ये सोनू निगम के साल 1999 में आए 'बिजुरियाझ् गाने का रीक्रिएशन है। जिसे तेज तर्रार संगीत के साथ फिल्म में पेश किया गया है। यह एक डांस सॉन्ग है। गाने की शुरुआत में मनीष पॉल पगड़ी लगाए नजर आते हैं। गाने की जो शुरुआती लाइन्स हैं वो कहीं न कहीं आपको 'बद्रीनाथ की दुल्हनियाझ् के टाइटल ट्रैक की याद दिलाती हैं। इसके बाद गाने में वरुण धवन की एंट्री होती है और वो अपने डांस मूव्स दिखाते हैं। गाने में फिर जान्हवी भी साड़ी में अपनी हॉटनेस का जलवा बिखेरती दिखती हैं। इस गाने में फिल्म की पूरी लीड कास्ट नजर आती है, जिसमें वरुण और जान्हवी के अलावा रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल भी दिखाई देते हैं। ये गाना सोनू निगम की साल 1999 में आई म्यूजिक अल्बम 'मौसमझ् के गीत बिजुरिया का रीएक्रिएशन है। जब ये गाना रिलीज हुआ था तो काफी हिट रहा था। गाने में सोनू निगम की आवाज और उनका डांस काफी पसंद किया गया था। अब फिल्म में भी सोनू निगम के हुक स्टेप को ही कॉपी किया गया है। बस गाने में कुछ एक नई लाइन्स जोड़कर इसे रीमिक्स कर दिया गया है। वरुण धवन और जान्हवी कपूर स्टारर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारीझ् 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण–जान्हवी के अलावा रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा चैप्टर 2झ् से होगी।

# इंग्लैंड के खिलाफ उसके घर में सबसे ज्यादा द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीतने वाली टीमें




नईदिल्ली, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने गुरुवार (4 सितंबर) को इंग्लैंड क्रिकेट टीम को वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 रनों के करीबी अंतर से हरा दिया। इसके साथ ही प्रोटियाज टीम ने सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली है। यह प्रोटियाज टीम की इंग्लैंड की धरती पर 1998 के बाद पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीत है। आइए इंग्लैंड को उसके घर में सबसे ज्यादा बाद द्विपक्षीय सीरीज में पटखनी देने वाली टीमों पर नजर डाल लेते हैं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम पहले नंबर पर है। उसने 9 बार यह कारमाना किया है। कंगारू टीम ने 1981 में खेली गई 3 वनडे मैचों की सीरीज में 2–1 से जीत दर्ज की थी। उसके बाद उसने 1985 में 2–1, साल 1993 में 3–0, साल 2005 में 2–1, साल 2009 में 6–1, साल 2013 में 5 मैचों की सीरीज में 2–1, साल 2015 में 3–2, साल 2020 में 2–1 और 2024 में 3–2 से जीत दर्ज की थी। इस सूची में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम दूसरे पायदान पर मौजूद है। उसने 5 बार इंग्लैंड को उसके घर में वनडे सीरीज हराई है। केरेबियन टीम ने 1973 में 1–1 से बराबरी पहली बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। उसके बाद 1976 में खेली गई 3 वनडे मैचों की सीरीज में 3–0, साल 1980 में 1–1, साल 1984 में टेक्साको ट्रॉफी में 2–1 और साल 2007 में खेली गई नेटवेस्ट सीरीज में 2–1 से सीरीज पर कब्जा जमाया था।

इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम तीसरे पायदान पर मौजूद है। उसने 4 बार ऐसा किया है। भारतीय टीम ने 1986 में टेक्साको ट्रॉफी में 1–1 से बराबरी पहली बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। उसके बाद उसने 1990 में खेली गई टेक्साको ट्रॉफी में 2–0, साल 2014 में खेली गई 5 वनडे मैचों की सीरीज में 3–1 और साल 2022 में 3 वनडे मैचों की सीरीज में 2–1 से जीत हासिल कर इंग्लैंड को धूल चटाई थी।

इस सूची में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम चौथे पायदान पर मौजूद है। उसने 3 बार इंग्लैंड को उसके घर में द्विपक्षीय वनडे सीरीज में धूल चटाई है। कीवी टीम ने 1986 में टेक्साको ट्रॉफी में 1–1 से बराबरी पहली बार ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। उसके बाद उसने 2008 में खेली गई 5 वनडे मैचों की सीरीज में 3–1 और साल 2013 में खेली गई 3 वनडे मैचों की सीरीज में 2–1 से जीत दर्ज कर सफलता का परचम लहराया था।

# डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज, बीयर का बिजनेस करने चलीं तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी



भारत का सबसे पसंदीदा मनोरंजन मंच, प्राइम वीडियो ने अपनी आगामी हिंदी ओरिजिनल कामेडी–ड्रामा सीरीज़ डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर जारी किया. यह सीरीज़ धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं, जबकि शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं. इस सीरीज़ का निर्देशन कालिन डीकुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है. पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गांगोपाध्याय ने लिखी है, जबकि इसकी रचना मिथुन गांगोपाध्याय और निशांत नायक ने की है.

इसमें मुख्य भूमिकाओं में तमाा भाटिया और डायना पेंटी नज़र आएंगी, इनके साथ ही जावेद जाफ़री, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफ़ी मोतीवाला और रणविजय सिंहा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे. डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 12 सितंबर को विशेष रूप से केवल प्राइम वीडियो पर किया जाएगा.

## बॉक्स ऑफिस पर परम सुंदरी की कमाई में मामूली उछाल

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर काफी समय से फिल्म परम सुंदरी को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म दर्शकों के बीच आ चुकी है और इसे समीक्षकों से मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली। शुरुआती 3 दिन इस फिल्म ने औसत कमाई की, लेकिन कामकाजी दिनों में इसके कारोबार में उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है। अब परम सुंदरी की कमाई के पांचवें दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली उछाल देखने को मिला है। बॉक्स ऑफिस का लेखा–जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, परम सुंदरी ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी मंगलवार को 4.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस तरह 5 दिन में फिल्म ने 34.25 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। इस फिल्म ने 7.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपना खाता खोला था, वहीं दूसरे दिन यह 9.25 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन फिल्म ने 10.25 करोड़ रुपये और चौथे दिन 3.25 करोड़ रुपये कमाए।

# ऑस्ट्रेलिया ने घोषित की 15 सदस्यीय टीम, जानिए किन्हें मिला मौका



नईदिल्ली, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजाबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की कमान एलिसा हीली को सौंपी गई है। इसके साथ ही टीम में घुटने की चोट से उबरने वाली बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स को भी शामिल किया गया है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया टीम इस बार अपना 8वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया 28 सितंबर को बेंगलुरु में इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ एक अभ्यास मैच खेलेगा। इसके बाद 1 अक्टूबर को न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप टीमः एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), डार्सी ब्राउन, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम। भारत के खिलाफ केवल वनडे सीरीजः निकोल फाल्टम, चार्ली नॉट। ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा, भारत में विश्व कप क्रिकेट की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, लेकिन हमारा मानना है कि यह टीम इस चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में कई उपमहाद्वीपीय दौरों और महिला प्रीमियर लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को जो अनुभव प्राप्त हुआ है, वह भारतीय परिस्थितियों से निपटने में लाभदायक होगा। इस टीम में सभी चुनौतियों से निपटने के लिए गहराई और बहुमुखी प्रतिभा है। मोलिनक्स जनवरी में घुटने की सर्जरी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रही है। उनका टीम में शामिल किया जाना बड़ी उपलब्धि है। हालांकि, विश्व कप से पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में उनकी भागीदारी अनिश्चित बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### गणेश चतुर्थदशी पर शोभा यात्रा निकाली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पौड़ी मुख्यालय में शनिवार को गणेश चतुर्थदशी के अवसर पर लोअर बाजार के तत्वावधान में भव्य गणेश शोभा यात्रा निकाली गई।

शनिवार को लोअर बाजार से शुरू गणेश शोभा यात्रा कलेक्ट्रट रोड से होते हुए धारा रोड, बस स्टेशन से होते हुए माल रोड और फिर एजेंसी चौक तक निकाली गई। इस दौरान गणेश मूर्ति के साथ गणेश के भजन कीर्तिनों के साथ श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। इसके बाद गणेश प्रतिमा को विसर्जन के लिए देवप्रयाग संगम के लिए रवाना हुई। इससे पूर्व पौड़ी के लोअर बाजार में गणेश महोत्सव के दौरान दस दिन तक पूजन और भजन-कीर्तिन कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं ने गणेश पूजन में हिस्सा लिया। इस मौके पर संदीप वर्मा, राजीव वर्मा, राजेंद्र लिंगवाल, राजीव रस्तोगी, अक्षत लिंगवाल, संजय वर्मा, दीपक रस्तोगी, दीपक पुंडीर, विजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

### डॉ. गौतम को मिला राजस्थान टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड

श्रीनगर गढ़वाल : शिक्षक दिवस पर गढ़वाल विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. आलोक सागर गौतम को केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान का टीचिंग एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान किया गया। केंद्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान ने इस पुरस्कार की स्थापना उन शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए की है, जिन्होंने भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापन के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार प्रदर्शित किया है तथा अपने संस्थान और समाज के समग्र विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर, शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यापन के क्षेत्र में उत्कृष्टता एवं नवाचार प्रदर्शित करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने संस्थान और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो। हिमालयी वातावरणीय एवं अंतरिक्ष भौतिकी शोध प्रयोगशाला के मुख्य अन्वेषक डा. आलोक सागर गौतम को राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजस्थान के कुलपति एवं राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विभूतियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। डॉ. गौतम को सम्मान मिलने पर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्री प्रकाश सिंह, कुलसचिव प्रो. आरके ढोडी, प्रो. एमएस पंवार, प्रो. एमएम सेमवाल, प्रो. ओम प्रकाश गुसाईं आदि ने खुशी जताई। (एजेंसी)

### ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर पर अवैध वसूली का आरोप

हरिद्वार। ऑटो रिक्शा व विक्रम महासंघ ने बहादराबाद स्थित ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। महासंघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार राणा और महामंत्री राजेश ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि फिटनेस फीस के अलावा वाहनों से मनमाने ढंग से अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। शिकायत है कि शुल्क न देने पर गाड़ियों को पूरे दिन खड़ा रखा जाता है और फिटनेस नहीं की जाती। प्रतिनिधियों ने बताया कि पहले भी इस मामले में विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि केंद्र पर सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी हो रही है। महासंघ ने मांग की है कि फिटनेस प्रक्रिया एआरटीओ कार्यालय में कराई जाए। इस दौरान विजयवर्धन, गिरीश, सुरेश कुमार राणा, नरेश शर्मा, काका, राजेंद्र यादव, गुलफाम, संजय शर्मा, सुंदर पाल,देवी सिंह, कुलदीप, इकरार, रामप्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### शिवालिक नगर में 78 पक्के अतिक्रमण ध्वस्त किए

हरिद्वार। शिवालिक नगर क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की टीम ने शनिवार को जेसीबी की मदद से 78 पक्के अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए। साथ ही दुकानों और घरों के आगे रखा सामान जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान कब्जेधारी टीम से मोहलत देने की मांग करने लगे लेकिन लेकिन जेसीबी अतिक्रमण तोड़कर आगे बढ़ती रही। एसडीएम जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम ने गैस प्लांट चौकी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्र में लोगों की दुकानों और मकानों के आगे बने पक्के निर्माण तोड़े गए। मौके पर टीम को नालों पर कब्जा मिला। टीम ने दुकानों और मकानों के आगे नाले पर बने पक्के स्लैब को भी तोड़ दिया।

# गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आना..

## धूमधाम के साथ निकाली गई भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार क्षेत्र में शनिवार को धूमधाम के साथ गणेश विसर्जन यात्रा निकाली गई। भक्त ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूम रहे थे। अधिकांश लोगो ने श्री सिद्धबली मंदिर स्थित खोह नदी में भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जित किया।

दस दिवसीय गणेश महोत्सव के अंतिम दिन गणेश चतुर्दशी पर भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। अधिकांश श्रद्धालुओं ने शाम के समय ही विसर्जन यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान श्रद्धालु खूब ढोल-नगाड़ों पर झूमते हुए नजर आए। कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति काशीरामपुर, बाल गणेश कमेटी जयानंद भारतीय मार्ग, श्री गणेश महोत्सव समिति, श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति के साथ ही कई अन्य संस्थाओं ने विसर्जन से पूर्व नगर में श्री गणेश की भव्य शोभायात्रा निकाली। अलग-अलग दिशाओं से आई शोभा यात्राएं झंडाचौक पर पहुंची व यहां से गणपति बप्पा के जयघोष के साथ खोह नदी की ओर रवाना हुई। इस दौरान श्रद्धालु रंगों में सराबोर नजर आए। पूरी यात्रा के दौरान युवा, महिलाएं व बच्चे भगवान गणेश के भजनों में झूम रहे थे। नदी पहुंचे श्रद्धालुओं ने नम आंखों से गणपति बप्पा की मूर्ति को खोह नदी में प्रवाहित किया। साथ ही अगले बरस जल्दी आने की भी प्रार्थना की।

## गणवेश का प्रमुख केंद्र बना श्रीनगर

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीनगर ने शनिवार को गणवेश वस्तु भंडार का अनावरण किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट में आयोजित कार्यक्रम में प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील ने बताया कि प्रांत द्वारा श्रीनगर को गणवेश का प्रमुख केंद्र बनाया गया है। जिसमें चमोली, टिहरी आदि विभागों के कार्यकर्ता गणवेश को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। बताया कि इस शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगरों में प्रत्येक बस्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम एवं न्याय पंचायत स्तर तक अपना कार्य पहुंचाना है। कहा कि संघ द्वारा 22 सितंबर से 5 अक्तूबर के बीच पथ संचालन एवं गणवेश में एकत्रीकरण के कार्यक्रम किए जाएंगे जो शताब्दी वर्ष का शुभारंभ होगा। इसके उपरांत पूरी शताब्दी वर्ष के लिए संघ के अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। मौके पर जिला सह बौद्धिक प्रमुख गोविंद, मुकेश मैठाणी, नगर प्रचारक मोहित, कार्यवाह सागर, नगर शारीरिक शिक्षण प्रमुख पुरुषोत्तम गैरोला, अमित, गौरव, उपेन्द्र आदि मौजूद थे।

## 25 छात्रों को वितरित की डॉ. आलम रावत स्कॉलरशिप

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पौड़ी परिसर में शनिवार को 25 छात्र-छात्राओं को डॉ. आलम सिंह रावत मेमोरियल स्कॉलरशिप वितरित की गई। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्रों को उत्कृष्टता की खोज को आगे बढ़ाने और समाज में योगदान करने के लिए प्रेरित करती है। यह स्कॉलरशिप मेधावी छात्रों के साथ ही खेलकूद गतिविधियों में अव्वल और वादविवाद प्रतियोगितओं में अव्वल छात्रों की दी जाती है।

पौड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. एससी गैरोला और परिसर निदेश-ाक डॉ. यूसी गैरोला ने स्व. डॉ. आलम सिंह रावत के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान और छात्रों के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र सिंह रावत व प्रशांत सिंह नेगी ने कहा कि डॉ. रावत का सामाजिक दृष्टिकोण का दायरा बहुत बड़ा था। इस मौके पर अतिथियों ने 10 मेधावी छात्र श्रेया बिष्ट, दिया भट्ट, अर्जुन, अखिल रावत, तनूजा रावत, करिश्मा, आशीष नौडियाल, लोपामूद्रा महापात्र और स्पोर्ट्स में मीनाक्षी, प्रेरित मंमगाई, दिगंबर, काजल, नीरज, तनीशा, प्रीति रावत, अनुराधा सहित वाद-विवाद प्रतियोगिता में काजल, सिमरन, साक्षी, कनिका, अंजली देशवाल, अखिल रावत को यह स्कॉलशिप वितिरत की गई। इसके तहत यूजी के मेधावी छात्रों को 2 हजार, पीजी के छात्रों को 3 हजार, स्पोर्ट्स के कुल प्रतिभागियों में 4 हजार का मिलता है, जबकि वाद विवाद में एक हजार से लेकर 600 रुपए तक की राशि दी जाती है। इस मौके पर डॉ. पूनम बिष्ट, डॉ. सीबी कोटनाला, डॉ. सपना रावत, रविंदर कुमार, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

# भालू के आंतक से परेशान ग्रामीणों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : कल्जीखाल ब्लाक के मनियारस्यूं क्षेत्र में भालू का आंतक थमने का नाम नहीं ले रहा है। भालू आए दिन ग्रामीणों के मवेशियों पर हमला कर रहा है। भालू अब तक कई पशुओं को निवाला बना चुका है। भालू के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग के अफसरों को ज्ञापन देकर जल्द ही समस्या का निराकरण करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जल्द ही समस्या का हल नहीं होने पर पौड़ी में भूख हड़ताल की जाएगी।

शनिवार को मनियारस्यूं क्षेत्र के ग्राम दिऊसा, बडकोट, भटकोटी, कठूड़, असगढ़ आदि गांव के ग्रामीणों ने वन विभाग की एसडीओ आयशा बिष्ट से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि भालू ने बीते दिन बडकोट गांव में गर्भवती गाय को जान से मार दिया है। बताया कि पिछले कुछ महीनों से भालू का आंतक इस क्षेत्र में लगातार बढ़ता जा रहा है। भालू की दहशत से स्कूली बच्चे भी स्कूल जाने में डर रहे हैं। भालू गोशालाओं को तोड़कर मवेशियों को मार रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि पैठाणी क्षेत्र की तर्ज पर दहशत का पर्याय बन चुके भालू को मारने के आदेश यहां भी जारी किए जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द समस्या का हल नहीं होने पर पौड़ी मुख्यालय में धरना दिया जाएगा। इस मौके पर हिमालयन क्रांति के महासचिव दिनेश बिष्ट, रमेशचंद्र, नवीन कुमार, लक्ष्मण सिंह, सुभाष कुकरेती, मनीष, गणेश, जसपाल, नरेश थपलियाल आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों में नहीं होगी कोई कमी : बुटोला

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शनिवार को जिला पंचायत की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने सभी क्षेत्रों में एक समान विकास कार्य किए जाने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला ने कहा कि सभी क्षेत्रों में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं की जाएगी। सभी क्षेत्रों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने का प्रयास किया जाएगा।शनिवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला ने कहा कि सभी जिला पंचायत सदस्यों के साथ मिलकर विकास कार्य किए जाएंगे। कहा कि सभी जिला पंचायत सदस्यों के साथ मिलकर जिला पंचायत के इस कार्यकाल को स्वर्णिम कार्यकाल बनाने पर काम किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सदस्यों ने इन दिनों आपदा से क्षतिग्रस्त हुए कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने पर जोर दिया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष आरती नेगी, सदस्य चंद्रभानु, चैत सिंह, बुद्धि सिंह, सीमा चमोली आदि मौजूद रहे।

# बच्चों की प्रतिभा को सलाम, सीएम योगी ने किया सम्मान

### गढ़वाल क्षेत्र के बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया सम्मानित ,वर्तमान में सेठ एमआर जयपुरी पब्लिक स्कूल गोमती नगर में अध्ययनरत है विद्यार्थी



छात्रा कृधानिका श्री मोहन पांडेय को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यह कहना बिल्कुल सही है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। अगर बच्चों को सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो वे हर क्षेत्र में अपना हुनर साबित कर सकते हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है मूल रूप से कोटद्वार के कुंभीचौड़ क्षेत्र के रहने वाली छात्रा कृधानिका श्री मोहन पांडेय व नैमिषश्लोकमान पांडेय ने। चित्रकारिता के साथ ही सनातन संस्कृति व सभ्यता को आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। वर्तमान में दोनों छात्र सेठ एमआर जयपुरी पब्लिक स्कूल गोमती नगर लखनऊ में अध्ययनरत हैं।

सेठ एमआर जयपुरी पब्लिक स्कूल लखनऊ में कृधानिका श्री मोहन पांडेय कक्षा चार की छात्रा है। जबकि, नैमिषश्लोक मन पांडेय कक्षा पांच में पढ़ते हैं। दोनों ही विद्यार्थियों ने सनातन धर्म व संस्कृति पर आधारित चित्रकला से हर किसी को मंत्रमुग्ध किया। उनकी इस प्रतिभा को देखते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ ने उन्हें सम्मानित किया। सम्मान समारोह में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्तमान में जहां अंग्रेजी स्कूलों में अंग्रेजी पाठ्यक्रम पर अधिक ध्यान दिया जाता है। वहीं, आज भी कई ऐसे विद्यालय हैं जहां अंग्रेजी पाठ्यक्रम के साथ ही बच्चों को अपनी संस्कृति व सभ्यता का ज्ञान दिया जाता है। कहा कि हमें अपने बच्चों को पढ़ाई के साथ सामाजिक ज्ञान भी देना चाहिए। जिससे वह अपनी संस्कृति व सभ्यता को पहचान सकें। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रोमिनी चौपड़ा ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन तक सीमित नहीं है। बल्कि विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास के लिए संस्कार भी उतने ही आवश्यक है। संस्कार ही बच्चों के व्यक्तित्व को दिशा देते हैं। और उन्हें समाज व राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी बनाते हैं। बताया कि आज विद्यालय के कई छात्र देश व प्रदेश में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर शिक्षिका नेहा सिंह, अनुपम विद्यार्थी, गौतम, विनय पांडेय आदि मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने शिक्षकों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को रोटरी क्लब की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान टीचर डे शैलीब्रेसशन पर 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। नजीबाबाद रोड़ स्थित एक रेस्टोरेंट में इनरव्हील क्लब कोटद्वार पिंक के तत्वाधान में डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर उनके चित्र के सम्मुख क्लब के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया गया। इस अवसर पर डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर शिक्षक सम्मान सम्मानित होने वाले शिक्षकों में पूर्व प्रधानाचार्य केशव चन्द्र खर्कवाल, शिक्षक संतोष नेगी, नवीन असवाल, जय सिंह रावत, इन्द्र मोहन जखमोला, धीरेन्द्र रावत, शिक्षिका रिद्धी भट्ट, बीना मित्तल, ज्योत्सना कुकरेती प्रधानाचार्य ज्ञानवृक्ष,



आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए शिक्षक

रागनी अग्रवाल, हेमा अग्रवाल,वीना रावत को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान इनरव्हील क्लब कोटद्वार पिंक की अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल ने उपस्थित अतिथि शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए शिक्षकों को समाज का निर्माता बताया और कहा "आशा का सूरज निकलता रहे, आपकी प्रेरणा का दीपक सदा जलता रहे।" एवं उपस्थित सभी शिक्षकगणों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा आप सभी ने हमारा आतिथ्य स्वीकार करके हमें गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, सचिव कनिका अग्रवाल, क्लब एडीटर रागनी अग्रवाल, करड वर्षा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मोनिका गुप्ता, आरती खर्कवाल सहित इनरव्हील क्लब कोटद्वार पिंक के सदस्य मौजूद रहे।

## चन्द्रग्रहण पर बंद रहेगा बदरीनाथ मंदिर

चमोली : चन्द्रग्रहण के कारण रविवार को दोपहर 12:50 बजे बदरीनाथ मंदिर बंद हो जाएगा। ग्रहण काल समाप्त होने के बाद 8 सितंबर को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलेंगे। बता दें कि 7 सितंबर को रात्रि 9:56 बजे से चन्द्र ग्रहण प्रारंभ हो रहा है लेकिन ग्रहण से 9 घंटे पहले दोपहर 12:56 बजे पर ही सूतक प्रारंभ हो जायेगा। सूतक काल में किसी भी मंदिर में पूजा वर्जित होती है इसलिए सूतक प्रारंभ होने से पहले ही भगवान बदरीविशाल का भोग, आरती व सभी वैदिक पूजायें संपादित की जायेंगी व दोपहर 12:50 बजे पर कपाट बंद कर दिए जायेंगे। इस दौरान किसी भी तीर्थ यात्री का मंदिर में प्रवेश संभव नहीं होगा। धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल ने बताया कि सूतक एवं चन्द्रग्रहण के समय बदरीनाथ मंदिर के अधिनस्त सभी मंदिर बंद रहेंगे व ग्रहण समाप्त होने पर शुद्धीकरण उपरान्त ही सभी मंदिर खोले जायेंगे व भगवान की पूजा अराधना एवं दर्शन शुरू होंगे। थपलियाल ने बताया कि इस बार चन्द्र ग्रहण कुंभ राशि पर घटित होगा। इसलिए कुंभ राशि के लोग गृहण न देखें। कहा कि चन्द्रग्रहण के दौरान वृद्ध, रोगी, असहाय, असक्त लोगों को ही भोजन करने की शास्त्रनुसार अनुमति है। अन्य लोग ग्रहण के दौरान भोजन न करें। (एजेंसी)

# पर्यावरण के स्वच्छता कर्मी हैं गिद्ध, संरक्षण जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गिद्ध संरक्षण को लेकर भाबर स्थित मवाकोट क्षेत्र में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें गिद्ध संरक्षण के लिए आमजन से आगे आने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि गिद्ध पर्यावरण के स्वच्छता कर्मी हैं। इसलिए उनका संरक्षण जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान गौरेया संरक्षण व गिद्ध संरक्षण को लेकर कार्य कर रहे दिनेश कुकरेती ने पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों के महत्व को बताया। कहा कि गिद्ध पर्यावरण के सफाई कर्मी है। पशुओं के मरने के बाद वहीं उसका सेवन करते हैं। कहा कि हमें अपने पशुओं को मरने के बाद बेहतर स्थान पर छोड़ना चाहिए, जिससे गिद्ध उसे खा सकें। कहा कि आज गिद्ध लगातार विलुप्ति की कगार पर पहुंच रहे हैं। गिद्ध की दस प्रजातियों में से केवल अब चार प्रजातियां ही नजर आ रही हैं। उत्तराखंड में गिद्धों की संख्या मात्र एक हजार ही रह गई है। पक्षी जानकार राजीव बिष्ट ने बताया कि हमें पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर डा. मोहन कुकरेती, राजेंद्र प्रसाद पंत, मनमोहन काला, चंद्रमोहन कुकरेती, प्रेम सिंह नेगी, कुंजबिहारी भट्ट, सुरेंद्र कुकरेती, राजदर्शन मैंदोला, संदीप रावत, रवींद्र मंजेड़ा, वरदान बुड़ाकोटी आदि मौजूद रहे।

## डॉ. आर्य स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार-2025 से होंगे सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) विभाग की सह-आचार्य डॉ. ममता आर्य का चयन स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार-2025 के लिए हुआ है। डा. ममता आर्य को यह पुरस्कार शिक्षा में नवाचार के लिए दिया जा रहा है। यह सम्मान उन्हें 17 दिसंबर को स्पर्श गंगा दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में दिया जायेगा। शिक्षक दिवस पर हिमालयन एजुकेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसायटी (हड्र्स) अल्मोड़ा ने इस वर्ष के स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार-2025 की घोषणा की है। यह सम्मान उन शिक्षकों और समाजसेवियों को दिया जाएगा, जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यह संस्था पिछले पांच वर्षों से इस पुरस्कार का आयोजन कर रही है। इस वर्ष नौ प्रेरणादायक शिक्षकों को स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार-2025 से नवाजा जायेगा। सम्मान स्वरूप शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और 11,000 रुपये की नकद राशि दी जाएगी,

## साइबर फॉड: वादी ही निकला आरोपी, तीन दबोचे

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने एक अनोखे साइबर फॉड का खुलासा किया है। मामले में जिसने खुद को पीड़ित बताकर पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था, वही आरोपी निकला। पुलिस ने वादी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मास्टरमाइंड कृष्णकांत की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों से पचास हजार रूपये, मोबाइल, प्रिंटर और फर्जी गैर–जमानती वारंट बरामद किए हैं। ज्वालापुर कोतवाली में 28 जुलाई को शिवधाम कॉलोनी निवासी सुरेंद्र पुत्र सुमन ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके फोन पर नोटिफिकेशन भेजकर फर्जी पीडीएफ डाउनलोड कराई गई। पटेलनगर, देहरादून थाने में सड़क दुर्घटना का वारंट दिखाकर उससे 30 हजार रूपये ट्रांसफर करा लिए गए। इस पर पुलिस ने साइबर फॉड का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# मजदूर नेता देवानंद नौटियाल का निधन, पौड़ी में शोक की लहर



जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनता के संघर्ष की बुलंद आवाज, कामरेड देवानंद नौटियाल का निधन हो गया है। देहरादून में हुए एक हादसे में उनकी सांसों ने उनका साथ छोड़ दिया। वह जितने बड़े कामरेड थे, उतने ही सामाजिक सौहार्द के पैरोकार भी थे। उनमें जनसमस्याओं के समाधान को जूझने का जज्बा कूट-कूट कर भरा था।

ग्राम पंचायत से लेकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर मुखरता से अपनी बात रखते थे। जब कभी समाज में बड़े बदलाव की बात होती, तो वह मीडिया का पक्ष भी खुलकर रखते थे। ऐसे कर्मठ, जुझारू समाजसेवी, राजनेता व सामाजिक चिंतक का जाना अपूरणीय क्षति है। जनपद में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, ग्राम प्रहरी, जल संस्थान, विद्युत विभाग पीटीएस कर्मी मनरेगा कर्मी सभी ट्रेड संगठित करने में उनकी जनपद में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके निधन पर सभी ड्रेड यूनियन, संविदा कर्मचारियों उनकी अचानक निधन पर मजदूरों नेताओं की अपूर्णीय क्षति बताया देवानंद नौटियाल सभी राजनीतिक दलों के साथ मधुर संबंध रखते थे। जिला अस्पताल की कमियों को लेकर नागरिक मंच के बैनर तले धरना प्रदर्शन में सबसे आगे रहते थे।

## अदालती सूचना

**न्यायालय तहसीलदार कोटद्वार**

**वाद संख्या 3/2025**

जगतराम गौड़ बनाम संजीव कुमार

समन बनाम– संजीव कुमार पुत्र भानूस्वरूप निवासी गोविन्द नगर कोटद्वार बहैसियत मुख्तारआम लक्ष्मी नारायण बडोला पुत्र स्व0 त्रिलोक चन्द्र बडोला

हरगाह एक वाद अन्तर्गत्त धारा 151 सपठित धारा 152 सी0पी0सी0 के तहत वाद योजित किया गया है जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 24/09/25 को समय प्रातः 10.00 बजे मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा बजरिए अधिवक्ता हाजिर आकर जवाबदेही करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

आज दिनांक 03/09/25 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**आज्ञा से**

**न्यायालय तहसीलदार कोटद्वार**

# विद्यार्थियों को दिया प्रतिभा सम्मान



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सम्मनित करते मुख्य विधायक दिलीप रावत अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पढ़ाई के क्षेत्र में अव्वल स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच ने पं. दीनदयाल नवानी स्मृति प्रतिभा सम्मान दिया। इस दौरान विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ लैंसडौन विस के विधायक दिलीप सिंह रावत, दून नर्सिंग होम के निदेशक डा. जयंत नवानी, पूर्व प्रधानाचार्य मोहन सिंह रावत, प्रधानाचार्य नागेंद्र चौहान ने किया। अतिथियों ने पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन व पं. दीनदयाल नवानी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। विचार मंच के अध्यक्ष प्रवेश नवानी ने सभी आगतुंको का स्वागत किया। मंच के महासचिव जनार्दन प्रसाद ध्यानी ने पं. दीनदयाल नवानी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विभिन्न विद्यालयों से आऐ 13 मेधावी छात्र-छात्राओं व दो शिक्षकों को पं. दीनदयाल नवानी स्मृति प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांतीय स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा राखी को स्व. विनोद कुकरेती स्मृति प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, पूर्व प्रधानाध्यापिका सरोजनी कुकरेती, प्रकाश कोठारी, मुकेश रावत, सेवानिवृत्त कर्नल बुद्धिबल्लभ ध्यानी, एसएन नौटियाल, आचार्य राकेश लखेड़ा, विजय लखेड़ा मौजूद रहे।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट आइडिन्टीटी संख्या : U40109UP2001SG025867/2358

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

### निविदा सूचना

विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा के अन्तर्गत निम्न वर्णित कार्यो के निष्पादन हेतु अनुभवी, उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त विद्युत ठेकेदारी 'ए' श्रेणी लाईसेन्स प्राप्त (आयकर, जी0एस0टी0, ई0पी0एफ0 व ई0एस0आई0 में पंजीकृत) एवं पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदाएं दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें जो कि निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 6 माह के लिए वैध हो) दिनांक 23.09.2025 के 12.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है जो कि उसी दिन 15.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में विद्युत वितरण खण्ड– नैनीडांडा के कार्यालय से दिनांक 22.09.2025 को 13.00 बजे तक प्रति निविदा के नकद भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। धरोहर धनराशि किसी भी बैंक/डाकघर की एफडीआर/ सीडीआर/राष्ट्रीय बचत पत्र के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड– नैनीडांडा के पक्ष में बंधक होनी चाहिए। बिना धरोहर धनराशि के निविदा भाग दो नहीं खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने के दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है तो अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार है कि वह बिना कारण बताए समस्त अथवा किसी भी निविदा को निरस्त कर सकते हैं।

| निविदा संख्या | निविदा प्रपत्र क्रय राशि | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि (रू0) |
|---|---|---|---|
| 07/2025–26 | रू0 590/– | वि0वि0 उपखण्ड– थैलीसैंण के अन्तर्गत एच0टी, एल0टी0 लाइनों पर लम्बे स्पानों के मध्य विद्युत पोल लगाये जाने का कार्य। | 30000.00 |

पत्रांक : 515/वि0वि0ख0(नै0)/उपाकालि/टी–6

दिनांक : 06.09.2025

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत वितरण खण्ड, नैनीडांडा

विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें

"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं" (Customer Care Toll Free no. 1800 419 0405)

## संक्षिप्त समाचार

### हिंदुस्तान में मुसलमान सुरक्षित, समाज के लिए शिक्षा जरूरी: राज्यमंत्री

हरिद्वार। उत्तर प्रदेश सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ और हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हिन्दुस्तान दुनिया में केवल एक देश है, जहां मुसलमान सुरक्षित है। कहा कि हमारा मकसद युवाओं को शिक्षा से जोड़ना है। कहा कि समाज के लिए शिक्षा जरूरी है। शिक्षित होने से समाज रोजगार से जुड़ेगा। शनिवार को राज्यमंत्री दानिश के सम्मान में पार्षद अहसान अंसारी के निवास पर अंसारी बिरादरी ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस दौरान अंसारी बिरादरी के लोगों ने बुके और माला पहना कर राज्यमंत्री को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि हमारा मकसद युवाओं को शिक्षित करने के साथ सीधे रोजगार से जोड़ना है।

### साइबर फ्रॉड: वादी ही निकला आरोपी, तीन दबोचे

हरिद्वार। ज्वालापुर पुलिस ने एक अनोखे साइबर फ्रॉड का खुलासा किया है। मामले में जिसने खुद को पीड़ित बताकर पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया था, वही आरोपी निकला। पुलिस ने वादी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मास्टरमाइंड कृष्णकांत की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों से पचास हजार रुपये, मोबाइल, प्रिंटर और फर्जी गैर–जमानती वारंट बरामद किए हैं। ज्वालापुर कोतवाली में 28 जुलाई को शिवधाम कॉलोनी निवासी सुरेंद्र पुत्र सुमन ने मुकदमा दर्ज कराया था कि उसके फोन पर नोटिफिकेशन भेजकर फर्जी पीडीएफ डाउनलोड कराई गई। पटेलनगर, देहरादून थाने में सड़क दुर्घटना का वारंट दिखाकर उससे 30 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। इस पर पुलिस ने साइबर फ्रॉड का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### शिवालिक नगर में 78 पक्के अतिक्रमण ध्वस्त किए

हरिद्वार। शिवालिक नगर क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की टीम ने शनिवार को जेसीबी की मदद से 78 पक्के अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए। साथ ही दुकानों और घरों के आगे रखा सामान जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान कब्जेधारी टीम से मोहलत देने की मांग करने लगे लेकिन लेकिन जेसीबी अतिक्रमण तोड़कर आगे बढ़ती रही। एसडीएम जितेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम ने गैस प्लांट चौकी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान क्षेत्र में लोगों की दुकानों और मकानों के आगे बने पक्के निर्माण तोड़े गए। मौके पर टीम को नालों पर कब्जा मिला। टीम ने दुकानों और मकानों के आगे नाले पर बने पक्के स्लैब को भी तोड़ दिया।

### ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर पर अवैध वसूली का आरोप

हरिद्वार। ऑटो रिक्शा व विक्रम महासंघ ने बहादराबाद स्थित ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। महासंघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार राणा और महामंत्री राजेश ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि फिटनेस फीस के अलावा वाहनों से मनमाने ढंग से अतिरिक्त शुल्क लिया जाता है। शिकायत है कि शुल्क न देने पर गाड़ियों को पूरे दिन खड़ा रखा जाता है और फिटनेस नहीं की जाती। प्रतिनिधियों ने बताया कि पहले भी इस मामले में विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि केंद्र पर सुरक्षा मानकों की भी अनदेखी हो रही है। महासंघ ने मांग की है कि फिटनेस प्रक्रिया एआरटीओ कार्यालय में कराई जाए। इस दौरान विजयवर्धन, गिरीश, सुरेश कुमार राणा, नरेश शर्मा, काका, राजेंद्र यादव, गुलफाम, संजय शर्मा, सुंदर पाल,देवी सिंह, कुलदीप, इकरार, रामप्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे।

### छह घंटे की बिजली कटौती से 12 हजार लोग बेहाल रहे

हरिद्वार। ऊर्जा निगम ने शनिवार को ज्वालापुर के पीठ बाजार में छह घंटे की बिजली कटौती की। इस दौरान कर्मचारियों ने उपसंस्थान पुल जटवाड़ा के पीठ बाजार फीडर पर मरम्मत के काम किए। कटौती के दौरान क्षेत्र की करीब 12 हजार की आबादी को बड़ी परेशानी उठानी पड़ेगी।

बिजली आपूर्ति सुचारू होने के बाद लोगों को राहत मिली। ऊर्जा निगम शनिवार को पीठ बाजार फीडर पर विद्युत तारों को बदलने का काम किया। मरम्मत काम के लिए फीडर से सुबह नौ बजे बिजली की आपूर्ति बंद की गई। काम पूरा होने के बाद दोपहर तीन बजे फीडर से बिजली की आपूर्ति सुचारू की गई। मरम्मत काम के दौरान पीठ बाजार, मेहतान, लौधमंडी आदि क्षेत्र में लोगों के जरूरी काम प्रभावित रहेंगे।

# धामी सरकार ने चार साल में दी 25 हजार सरकारी नौकरियां

### सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद नहीं हुई एक भी भर्ती परीक्षा पेपर लीक



#### युवा रोजगार प्रदान करने वाले बनें

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है। हमारा प्रयास है कि उत्तराखंड का पानी और जवानी, यहीं के काम आए। युवा पलायन करने के बजाय, रोजगार प्रदान करने वाले बने।

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार साल के कार्यकाल में युवा वर्ग सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है। इस दौरान रिकॉर्ड 25 हजार युवाओं का चयन सरकारी सेवा में हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को जनजाति कल्याण विभाग के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

04 जुलाई 2021 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद, धामी सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्किल प्रदान करने पर विशेष तौर पर फोकस किया। इस दौरान लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चिकित्सा सेवा चयन आयोग के जरिए 25 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवाओं में स्थायी रोजगार प्रदान किया जा चुका है। उत्तराखंड लोकसेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के स्तर पर अभी कई विभागों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। कुछ मामलों में जल्द ही अंतिम चयन संस्तुति की जाने वाली है, इस कारण कुल स्थायी नौकरियों का यह आंकड़ा अभी और बढ़ने वाला है। मौजूदा सरकार ने साल 9 नवंबर 2022 से मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना शुरू की है, इसके लिए युवाओं को आतिथ्य, नर्सिंग, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जर्मनी और जापान में रोजगार प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 154 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमें से 37 को जापान में रोजगार प्रदान किया जा चुका है। धामी सरकार ने 2024 में सख्त नकल विरोध कानून लागू करते हुए, नकल माफिया की कमर तोड़ने का काम किया है। इसके बाद से एक भी परीक्षा में पेपरलीक नहीं हुआ है, यही नहीं धामी सरकार पेपर लीक में शामिल 100 से अधिक माफिया का जेल भी भेज चुकी है।

# भुनालगांव में भालू के हमले में दो महिलाएं घायल

### हेली के माध्यम से लाया गया अगस्तमुनि, जिला अस्पताल में कराया भर्ती



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : शनिवार सुबह भुनालगांव क्षेत्र में भालू ने दो महिलाओं पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में गांव की निवासी बुरांसी देवी पत्नी स्व. मदन सिंह एवं शशि देवी पत्नी कुंवर सिंह (दोनों निवासी ग्राम भुनालगांव) गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हमले के दौरान भालू ने दोनों महिलाओं के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों को बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे भारी मात्रा में रक्तस्राव हुआ। स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत घटना की सूचना पर बक्सीर की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार एवं मरहम-पट्टी प्रदान की गई। शशि देवी की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को हेली सेवा के माध्यम से अगस्तमुनि लाया गया जहां से एम्बुलेंस के माध्यम आए दोनों महिलाओ को जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग भर्ती किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि दोनों महिलाओ को बक्सीर में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद दोनों घायल महिलाओ को हेलीकॉप्टर के माध्यम आए अगस्तमुनि लाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग भेजा गया है, जहां डॉक्टरों की टीम दोनों घायलों का इलाज करेगी। टीम को पहले ही अलर्ट मोड़ पर रखा गया है।

# अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के परस्पर समन्वय से होगा जनपद का समग्र विकास

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : शनिवार को जिला पंचायत रुद्रप्रयाग की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ किया गया। बैठक की अध्यक्षता माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी कठैत ने की। बैठक में अध्यक्ष ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का परिचय लिया गया और उन्हें यह निर्देश दिए गए कि चूंकि रुद्रप्रयाग एक आपदा-प्रभावित जिला है, अतः सभी अधिकारीगण जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी समन्वय बनाते हुए जिले के समग्र विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने अधिकारियों से यह भी अपेक्षा जताई कि भविष्य में होने वाली जिला पंचायत की समीक्षा बैठकों में वे स्वयं उपस्थित रहें और कार्यों की प्रगति की जानकारी दें। परिचयात्मक बैठक के उपरांत जिला पंचायत रुद्रप्रयाग की बोर्ड बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए 71.27 करोड़ का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जो पंचायत के कार्यों की निगरानी एवं दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रितु नेगी ने कहा कि जनता से प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत सुलझाया जाएगा। हमारा मुख्य फोकस सभी समस्याओं का समाधान करना है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारी और पंचायत सदस्य मिलकर कार्य करेंगे,

### भारत वह भूमि जिसने आध्यात्मिक को जन्म दिया : डॉ चिन्मय पण्ड्या

हरिद्वार( । देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में वैश्विक समस्याएं, सनातन समाधान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय गोष्ठी की अध्यक्षता कर देसंविवि के प्रतिकुलपति युवा आइकॉन डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि भारत वह भूमि है, जिसने अध्यात्म को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार विश्व अनेक जटिल समस्याओं से जूझ रहा है, उनके समाधान भारत की सनातन परंपरा में निहित है। यह परंपरा धार्मिक जीवनशैली है और एक समग्र जीवनदर्शन भी है, जो व्यक्ति को आत्मकल्याण से लोकमंगल की ओर ले जाती है। मुख्य अतिथि बीएपीएस स्वामीनारायण शोध संस्थान के अध्यक्षभद्रेशदास स्वामी ने कहा कि आज की जटिल समस्याएं मात्र परिस्थितियां हैं, जिनका समाधान भारत की सनातन संस्कृति और आर्षग्रंथों में विद्यमान है। कहा कि शिक्षा, शोध और अध्यात्म मानव जीवन के लिए आवश्यक हैं और ये तीनों जहां भी एक साथ विद्यमान होते हैं, वह स्थान स्वतः ही उन्नत भूमि में परिवर्तित हो जाता है।

# सरकार जनजाति समाज के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध : धामी

### मुख्यमंत्री ने किया 15 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 15 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न विभागीय निर्माण योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जनजातीय शोध संस्थान में सौन्दर्यीकरण तथा बालिकाओं के लिए हाईटेक शौचालय ब्लॉक का निर्माण, ह्लआदि लक्ष्य संस्थान में डाइनिंग हॉल का निर्माण कराए जाने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएं न केवल जनजातीय समाज की आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी युवा शिक्षक नई पीढ़ी के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के कार्यों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार भी उत्तराखंड के सांस्कृतिक मूल्यों और डेमोग्राफी को संरक्षित रखने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ह्लप्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियानह्व के अंतर्गत उत्तराखंड के 128 जनजातीय गांवों का चयन किया गया है। आज हमारे राज्य में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी, मेहरावना, बाजपुर व खटीमा में संचालित हो रहे हैं, जिसमें जनजातीय समुदाय के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा एवं हॉस्टल की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तरह सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में भोटिया तथा राजी जनजाति के शैक्षिक उन्नयन के लिये एकलव्य विद्यालय खोलने के लिए अभी हाल ही में केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार भी आदिवासी समाज के कल्याण के लिए अनेकों कार्य कर रही है। जहां एक ओर जनजातीय समाज के बच्चों को प्राइमरी स्तर से स्नातकोत्तर स्तर तक की कक्षाओं में छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

# थराली और नंदानगर को राष्ट्रीय आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का प्रस्ताव पारित

### जिला पंचायत चमोली की प्रथम बैठक सम्पन्न



जयन्त प्रतिनिधि।चमोली : जिला पंचायत चमोली की प्रथम बैठक शनिवार को अध्यक्ष दौलत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने किया।

बैठक में अपर मुख्य अधिकारी द्वारा जिला पंचायत की कार्य प्रणाली की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला पंचायत की 06 समितियों निर्माण समिति, जल प्रबंधन एवं विविधता प्रबंधन समिति, नियोजन एवं विकास समिति, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति, शिक्षा समिति तथा प्रशासनिक समिति का गठन किया गया। साथ ही अध्यक्ष के उपयोग हेतु पुराने वाहन को निष्प्रयोज्य घोषित कर नया वाहन क्रय करने तथा कार्यालय भवन व शिविर आवास की आवश्यक मरम्मत कराने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

सत्र के दौरान सदन ने थराली एवं नंदानगर क्षेत्र में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने हेतु ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया। बैठक में सदस्य प्रदीप बुटोला, विक्रम सिंह, श्रीमती रमा देवी, श्रीमती सरोजनी देवी, श्रीमती उर्मिला बिष्ट सहित वित्तीय परामर्शदाता शैलेन्द्र सिंह बुटोला, वरिष्ठ प्रशा.अधि. एम.एस. बिष्ट, प्रशा. अधिकारी के.सी. जोशी एवं अन्य सभी जिला पंचायत कार्मिक उपस्थित रहे।

# मयाली गुप्तकाशी मार्ग पर बेलिब्रिज निर्माण कार्य तेजी से जारी



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : 28 अगस्त को जनपद रुद्रप्रयाग के बसुकेदार क्षेत्र में आई दैवीय आपदा के दौरान ल्वारा के समीप स्थित 12 मीटर लंबे स्पान पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने से मयाली गुप्तकाशी मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। यह मार्ग क्षेत्र की लाइफलाइन माना जाता है और इसके बंद होने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। लेकिन अब इस संकट के समाधान की ओर ठोस कदम उठाए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने पुल के पुनर्निर्माण कार्य को युद्धस्तर पर शुरू कर दिया है। वर्तमान में इरेक्शन वर्क जोरों पर है, और वेली ब्रिज के पार्ट्स को तेजी से जोड़ा जा रहा है।

प्रशासन ने इस बार पुल की मजबूती और भविष्य की आपदाओं को ध्यान में रखते हुए पुल की लंबाई को 14 से 16 मीटर तक बढ़ाया है, ताकि संरचना और अधिक मजबूत और सुरक्षित बन सके। ऊखीमठ डिवीजन के अधिशासी अभियंता आर. पी. नैथानी ने जानकारी दी कि वेली ब्रिज इरेक्शन कार्य तेजी से किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि अगले चार दिनों में पुल पूरी तरह बनकर तैयार हो जाए, जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# फर्जी डॉक्टर और कस्टम अफसर बनकर 50 लाख की ठगी

### – साइबर पुलिस ने शातिर आरोपी को हिमाचल से दबोचा

देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ की साइबर क्राइम पुलिस टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए फेसबुक और व्हाट्सएप के जरिए लाखों की ठगी करने वाले साइबर ठग हिमांशु शिवहरे को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने खुद को विदेशी डॉक्टर, कस्टम अफसर और बैंक अधिकारी बताकर देहरादून निवासी पीड़ित से लगभग 50 लाख रुपये हड़पे थे। एसएसपी एसटीएफ नवनीत सिंह ने बताया कि पीड़ित को फेसबुक पर ह्लडॉ. लवथ गिब्सनह्व नामक फर्जी प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई। इसके बाद व्हाट्सएप चैट व कॉल के जरिए विश्वास जीतकर आरोपी ने ह्लजाली कस्टम अधिकारी सरवन खानह्व और ह्लझूठा बैंक अफसर डेविड जॉनसनह्व बनकर कस्टम क्लियरेंस, बैगेज चार्ज, फ्लाइट टिकट और विदेशी मुद्रा शुल्क जैसे बहाने बनाकर रकम मांगी। पीड़ित को भरोसा दिलाने के लिए नकली पासपोर्ट, फर्जी फ्लाइट टिकट, क्यूआर कोड और बैंक संदेश भेजे गए। नवंबर से दिसंबर 2024 के बीच पीड़ित से अलग–अलग खातों में कुल 50 लाख रुपये से अधिक की धनराशि जमा कराई गई। जांच में पता चला कि आरोपी हिमांशु शिवहरे (निवासी जिला मुरैना, मध्य प्रदेश) एक संगठित गिरोह का सदस्य है, जो फर्जी प्रोफाइल और अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों का उपयोग कर करोड़ों की साइबर ठगी को अंजाम देता है।

### छह दिन बाद गंगनहर से पानी छोड़ा

हरिद्वार। छह दिनों के बाद यूपी सिंचाई विभाग ने गंगनहर में पानी की निकासी शुरू की। शुक्रवार रात को गंगनहर में सिल्ट की मात्रा पांच हजार पीपीएम से कम दर्ज हुई। इसके बाद लिंक चैनल से गंग नहर में पानी की निकासी शुरू की गई।

बीती एक अगस्त की गंगनहर में सिल्ट की मात्रा 10500 पीपीएम दर्ज होने के बाद गंगनहर की बंद किया गया था। जेई दिनेश वर्मा ने बताया कि छह दिनों तक सिल्ट का मात्रा कम नहीं हुई थी। बताया कि शुक्रवार रात को गंगनहर में पानी की निकासी शुरू करदी गई थी।

# छेनागाड़ में लगातार युद्ध स्तर पर जारी सर्च एवं रेस्क्यू अभियान, पहुंची जेसीबी



जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : आपदा प्रभावित क्षेत्र छेनागाड़ में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस एवं अन्य बचाव दलों द्वारा लगातार सर्च एवं रेस्क्यू अभियान संचालित किया जा रहा है। विषम परिस्थितियों एवं दुर्गम भूभाग में राहत बचाव दल लगातार डटे हुए हैं।

रेस्क्यू टीमों को मलवा एवं दलदल होने के कारण मैन्युअल डीगिंग कार्य में काफी कठिनाई आ रही थी। एसडीआरएफ और डीआरएफ द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के बावजूद बाधाएं उत्पन्न हो रही थीं। इन परिस्थितियों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा अब ग्राउंड जीरो पर जेसीबी मशीन को तैनात किया गया है। मशीन की मदद से सर्च अभियान में गति आई है। छेनागाड़ तक सड़क मार्ग सुचारु करने हेतु प्रशासन द्वारा जेसीबी एवं पोकलैंड मशीनें निरंतर कार्यरत हैं। सड़क मार्ग खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों हेतु अन्य जेसीबी सहित अन्य मशीनों की पहुंच प्रभावित क्षेत्रों तक आसान हो सके। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि ह्लछेनागाड़ क्षेत्र में लगातार खोज बचाव एवं राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। हमारी पहली प्राथमिकता सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज करना है। जिस हेतु आज प्रभावित क्षेत्र में जेसीबी को तैनात किया गया, साथ ही सड़क मार्गों को सुचारु करने का प्रयास संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है, ताकि राहत सामग्री, मशीनरी और रेस्क्यू टीमें प्रभावित गांवों तक शीघ्र पहुंच सकें। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि जितने भी लोग इस क्षेत्र में गुमशुदा हैं उनका शीघ्र पता लगा पाए तथा अधिकतम जल्द से जल्द प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जाए।

# भालू के आवागमन वाले मार्ग को किया चिन्हित, लगाए कैमरा ट्रैप

### क्यूआरटी टीम गठित कर चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के उत्तरी जखोली रेंज के अंतर्गत भुनालगांव, बक्सीर बांगर में भालू द्वारा बुरांशी देवी, पत्नी स्व. मदन सिंह, ग्राम भुनालगांव, उम्र 70 वर्ष एवं शशि देवी पत्नी कुंवर सिंह ग्राम भुनालगांव, उम्र 52 वर्ष को घायल किया गया। ग्रामीणों द्वारा वन क्षेत्राधिकारी उत्तरी जखोली सुरेन्द्र सिंह को उक्त घटना की जानकारी दी गयी।

प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने जानकारी देते हुए बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा भालू संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप लगाकर भालू के आवागमन मार्ग को चिन्हित किया जा रहा है। इसके साथ ही आम जनमानस को सतर्कता एवं सावधानी बरतने हेतु प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम गठित कर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज घटित घटना के तुरंत बाद प्रभागीय वनाधिकारी रुद्रप्रयाग एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी जखोली द्वारा तत्काल घायल महिलाओं के रेस्क्यू हेतु क्यूआरटी टीम को भेजा एवं बक्सीर में स्थित मेडिकल टीम को मौके पर भेजा गया। प्राथमिक उपचार के उपरांत प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा जिला आपदा प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर दोनों घायल महिलाओं को हेलीकॉप्टर द्वारा एयरलिफ्ट कर अगस्त्यमुनि लाया गया तत्पश्चात एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल रुद्रप्रयाग में उपचार करवाया गया।

# हाथ का ऑपरेशन के दौरान कर्मचारी की मौत, हंगामा

हरिद्वार। हरिद्वार हिंदुस्तान यूनिलिवर के कर्मचारी श्रीचंद्र शर्मा को एक्सीडेंट के बाद रानीपुर मोड़ स्थित ट्रामा सेंटर में सर्जरी के लिए लाया गया था। आरोप है कि सर्जरी के दौरान मरीज को एनसथीसिया देने के दौरान गलती हुई। जिसके बाद मरीज की मौत हो गई। जिसके बाद कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया।

बताया जा रहा है कि 40 वर्षीय श्रीचंद्र का एक्सीडेंट होने पर सिटी हॉस्पिटल में कार्य करने वाले डॉक्टर ने अपने घर में बने अवैध हॉस्पिटल में सस्ते इलाज का लालच दिया। इलाज के दौरान लापरवाही बरतने के कारण मात्र हाथ की हड्डी के ऑपरेशन के दौरान श्रीचंद शर्मा की मौत हो गई। जिसके बाद जिला प्रशासन ने घर में बने अवैध हॉस्पिटल को सील कर दिया है। मृतक के परिजन ओर साथी कर्मचारी हॉस्पिटल के बाहर धरने पर बैठे। मामले में एक्शन लेते हुए जिला प्रशासन ने घर में बने अवैध हॉस्पिटल को सील कर दिया है। साथ ही मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी है।

सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा मांग पत्रः मौके पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट मनीष सिंह को डीएम को लिखे मांग पत्र में चार मांगें रखी गई हैं। इसमें परिजनों को एक करोड़ का मुआवजा, डॉक्टर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग। डॉक्टर के क्लीनिक में मौजूद बाउंसर के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com